गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह कल अहमदाबाद से मुंबई, चेन्नै, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद हवाई अड्डों पर ‘फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम’(FTI- TTP) का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ‘FTI- TTP’ विकसित भारत @2047 विजन के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय immigration सुविधाएं प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना है

शुरुआत में यह सुविधा भारतीय नागरिकों और OCI कार्डधारकों के लिए नि:शुल्क आरंभ की गई है

‘फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम’ को देश के 21 प्रमुख हवाईअड्डों पर लॉन्च किया जाएगा

प्रविष्टि तिथि: 15 JAN 2025 12:48PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 16 जनवरी 2025 को अहमदाबाद से मुंबई, चेन्नै, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद हवाई अड्डों पर ‘फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम’(FTI- TTP) का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्री ने 22 जून 2024 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे (IGI) के टर्मिनल-3 से ‘फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम’ लॉन्च किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम'(FTI- TTP), विकसित भारत @2047 विजन के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय अप्रवासन (immigration) सुविधाएं प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना है। शुरुआत में यह सुविधा भारतीय नागरिकों और OCI कार्डधारकों के लिए नि:शुल्क आरंभ की गई है।

FTI- TTP को एक ऑनलाइन पोर्टल https://ftittp.mha.gov.in के माध्यम से लागू किया गया है। इस कार्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदक को अपने विवरण भरकर और आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकृत आवेदकों का बायोमेट्रिक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) या हवाई अड्डे से गुजरते समय लिया जाएगा। पंजीकृत यात्री को एयरलाइंस द्वारा जारी किए गए अपने बोर्डिंग पास को ई-गेट पर स्कैन करना होगा और फिर अपने पासपोर्ट को स्कैन करना होगा। आगमन और प्रस्थान स्थल पर लगे e-Gates पर यात्री के बायोमेट्रिक को प्रमाणित किया जाएगा। इस प्रमाणीकरण पर ई-गेट अपने आप खुल जाएगा और अप्रवासन स्वीकृति मिल जाएगी।

'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (FTI- TTP) को देश के 21 प्रमुख हवाईअड्डों पर लॉन्च किया जाएगा। पहले चरण में इस सुविधा को दिल्ली के अलावा देश के 7 अन्य प्रमुख हवाईअड्डों - मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि और अहमदाबाद पर शुरू किया जा रहा है।

*****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2092998) आगंतुक पटल : 565

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Bengali , Assamese , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada , Malayalam